A REPORT ON NIRDHAN JAN SEWA CAMP ORGANISED AT VILL-DOSTPUR BLOCK BACHHRAWAN OF DISTT RAIBAREILY ON 6TH DEC 2023

भावना के निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित द्वितीय शीतकालीन सहायता शिविर की प्रगति रिपोर्ट

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,शीतकाल में ग्रामवासियों को कम्बल वितरण के प्रयोजनार्थ,द्वितीय शिविर दिनाँक 6-12-2023(बुधवार) को ग्राम दोस्तपुर,विकासखंड बछरावाँ,जनपद रायबरेली में आयोजित किया गया जिसमे ग्राम अमावाँ - दोस्तपुर,जगताखेड़ा,दुर्गाखेडा, जोधीखेड़ा,व पराग ना रावण खेड़ा के ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

शिविर में उपस्थित जनों को संयोजक, निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ,द्वारा सम्बोधित करते हुए,केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के विषय में बताया गया तथा उन्हें ई-श्रम कार्ड और आयुष्मान भारत योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया गया।

सभा में उपस्थित जनों को अवगत कराया गया कि भावना द्वारा अपने सदस्यों से प्राप्त योगदान से ही कम्बलों का क्रय एवं वितरण किया जाता है और कोई भी सरकारी अनुदान/सहायता नहीं ली जाती।अतः इनका समुचित सदुपयोग करें।शिविर में उपस्थित पूर्व चयनित निर्धन एवं असहाय जनों को 100 अदद नये ऊनी कम्बल दिये गये।

शिविर में श्री प्रभात किरण चौरसिया संयोजक,श्री तुंग नाथ कनौजिया उपाध्यक्ष भावना,श्री ओम प्रकाश शर्मा,श्री सुनील कुमार उप्रेती,श्री राम हेतु पूर्व ग्राम प्रधान अमावाँ,एवं अन्य अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

- प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक-निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ।